हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 5 जनवरी 2024

नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

04 खेड़ापति हनुमान ने भगवान शिव का किया...



05 वाहन चालक यातायात नियम की उड़ा रहे धज्जियां ...



## नगर में हनुमान अष्टमी पर हुए विभिन्न आयोजन, मंदिरों में हुए सुंदरकांड पाठ



हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

गुरुवार को हनुमान अष्टमी पर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के हनुमान मंदिरों में विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए। मंदिरों में आकषर्क सजावट के साथ सुंदरकांड पाठ का अयोजन हुआ। प्रातः काल से ही नगर के सभी हनुमान मंदिरों में दर्शन करने के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही।

नगर के खेड़ापती हनुमान मंदिर, कन्केश्वर मंदिर स्थित बजरंगबली के मंदिर, थाना ग्राउंड स्थित मंदिर, हनुमान बावड़ी स्थित हनुमान मंदिर, कर्षि उपज मण्डी स्थित पंचमुखी हनुमान और शिव पहाड़ी पर नव निर्मित रामलला मंदिर में हनुमानजी को आकर्षक चौला चढ़ाकर श्रंगार किया गया। हनुमान अष्टमी पर दिनभर बजरंग बली के मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। वहीं मंदिरों में सुंदरकांड व रामायण पाठ होते रहे। नगर के हनुमान बावड़ी पर मंदिर परिसर में कन्या स्कूल के प्राचार्य समाजसेवी वीरेन्द सिंह ठाकुर द्वारा आकर्षक फूलो से सजाया गया एवं हनुमानजी का विषेश श्रंगार किया गया और अष्टमी पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हवन अनुष्ठान कराया।





### आह्वान- 22 जनवरी को सभी अपने-अपने घरों पर रंगोली व वंदनवार के साथ दीपक जलाएं

## श्रीराम जन्मभूमि से आए अक्षतों को निमंत्रण स्वरूप वार्ड के घर-घर किया जा रहा वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन होना है और भव्य राम मंदिर का लोकार्पण भी होना है। इसे लेकर नगर में भी भव्य तैयारियां चल रही हैं। महिलाओं द्वारा समूह में नगर के विभिन्न वार्डों में घर-घर जाकर अक्षत के साथ प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का छाया चित्र भी दिया जा रहा है। नगर में प्रभु श्रीराम की पावन नगरी अयोध्या से लाए गए अक्षतों का महिला कार्यकर्ताओं ने समूह के रूप में घर घर जाकर अक्षत को निमंत्रण स्वरूप भेंट किए जा रहे हैं। इसी के साथ श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का विवरण पत्रक एवं प्रभु राम के भव्य मंदिर का छायाचित्र भी नगरवासियों को इस दौरान भेंट किया जा रहा है।



अक्षत वितरण के साथ ही महिलाओं द्वारा सभी से निवेदन किया जा रहा है कि वहां 16 जनवरी को नगर में निकलने वाली भव्य शोभायात्रा में शामिल हो तथा 22 जनवरी को सभी अपने-अपने घरों पर रंगोली व वंदनवार के साथ दीपक की रोशनी करें। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दिन अपने-अपने मोहल्ले, कॉलोनी में स्थित मंदिर में आस पड़ोस के राम भक्तों को एकत्रित करके भजन कीर्तन करें। प्राण प्रतिष्ठा समारोह का टेलीविजन चैनलों से सीधा प्रसारण होगा अतः टेलीविजन अथवा एलईडी स्क्रीन लगाकर समाज को इसका प्रसारण भी दिखाएं।

### गांव-गांव निकल रहीं प्रभातफेरी, बांटे जा रहे पीले चावल, ग्रामीण क्षेत्र में भी वातावरण हुआ राममय

**नलखेड़ा।** श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र का वातावरण भी राममय हो चुका है। भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व तहसील क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम में प्रतिदिन प्रभातफेरियां निकाली जा रही हैं। जिनमें पुरुषों के साथ ही महिलाएं भी बड़ी संख्या में शामिल होकर रामधुन एवं अन्य भजन गाते हुए चल रही हैं। इसके साथ ही प्रत्येक ग्राम में राम भक्त घर घर पहुंचकर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होने के लिए पीले चावल वितरित कर रहे हैं। पीले चावल का वितरण कर भक्त सभी नागरिकों से 22 जनवरी को अपने ग्राम में प्रत्येक मंदिर में उत्सव मनाने अपने घरों पर दीपक लगाने के साथ ही दीपावली मनाने की भी अपील कर रहे हैं। प्रतिदिन निकल रही प्रभातफेरियों एवं दिनभर राम भक्तों द्वारा पीले चावल वितरण करने से प्रत्येक ग्राम में अभी से वातावरण पूरी तरह राममय हो चुका है।





## परमार समाज ने किया मानस मंडल का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

परमार समाज की ओर से तुलसीराम पटेल सहित अन्य ने पीपलनेर मानस मंडल द्वारा दी गई सुंदरकांड की संगीतमय प्रस्तुति पर सभी सदस्यों का पुष्प माला पहनाकर सम्मान किया। परमार समाज के चल समारोह समिति के पूर्व अध्यक्ष रोलूखेड़ी निवासी विष्णु परमार ने बताया कि नव वर्ष के पहले मंगलवार को प्रत्येक मंगलवार की तरह संगीतमय प्रस्तुति दी गई थी। इस मौके पर परमार समाज की ओर से शिव परमार मुरली, निर्माण समिति के अध्यक्ष मुकेश परमार, अजय परमार, अनार सिंह, वीर सिंह, महेन्द्र पटेल, ज्ञान सिंह, जेपी परमार और दशरथ पटेल आदि शामिल थे।

### शहरी टास्क फोर्स समिति का किया गठन

**सीहोर।** आयुक्त स्वास्थ्य सेवायें एवं मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन टीकाकरण द्वारा दिये गये निर्देशानुसार शहरी टास्क फोर्स समिति गठित किया जाना है। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने शहरी टास्क फोर्स समिति का अध्यक्ष नगर पालिका अधिकारी सीहोर को बनाया गया है। समिति सदस्यों में नगर पालिका हेल्थ अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय, जिला टीकाकरण अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला महिला बाल विकास अधिकारी अधिकारी, जिला जनसम्पर्क अधिकारी, सहायक कार्यक्रम प्रबंधक, प्रतिनिधि व अन्य संस्थाएं और अन्य प्रतिनिधि सदस्य होंगे। समिति शहरी टीकाकरण कार्यक्रम को सुदृढ़ करने की दृष्टि से नगर पालिका क्षेत्र का सूक्ष्म कार्ययोजना सशक्त करेगी।

## कुत्ते काटने के पांच पीड़ित और पहुंचे अस्पताल

**नलखेड़ा।** नगर में आवारा कुत्तों का आतंक कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है। बुधवार को कुत्ते काटने से पीड़ित दो मरीज तथा गुरुवार को तीन मरीज स्थानीय सिविल अस्पताल इलाज कराने पहुंचे। अभी तक नगर सहित क्षेत्र में 25 लोगों को आवारा कुत्तों ने अपना शिकार बनाया है। नगर सहित क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को कुत्ते काटने से पीड़ित 10, मंगलवार को 10 मरीज अपना उपचार करवाने सिविल अस्पताल पहुंचे थे। जानकारी के अनुसार बुधवार को स्थानीय सिविल अस्पताल में एक भैसोदा से एवं एक भीलखेड़ी से ऐसे पीड़ित पहुंचे जिन्हें कुत्तों ने काटा था। चिकित्सकों द्वारा इनका उपचार किया गया। गुरुवार को पड़ाना का एक ग्रामीण नलखेड़ा नगर में अपने कार्य से आया था जिसे नगर में घूम रहे आवारा कुत्तों ने निशाना बनाते हुए उसे काट लिया। वहीं इसी दिन ग्राम भंडावद एवं गुर्जर खेड़ी में भी एक-एक ग्रामीण को कुत्तों ने काटा जो अपना उपचार करने नलखेड़ा अस्पताल पहुंचे।

**अभी तक 25 लोगों को बनाया शिकार, पशुओं पर भी कर रहे हमले**

## स्कूल पर कार्रवाई नहीं हुई तो एबीवीपी करेगी आंदोलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक शुभम व्यास ने बताया कि विगत छह माह से विद्यार्थी परिषद लगातार सेंटऐनिस स्कूल पर कई अनियमित्ताओं को लेकर कार्यवाही की मांग कर रही है। जिसमें प्रमुख रूप से मांग की जा रही है कि संस्था प्रबंधन द्वारा जो फीस में 65 प्रतिशत वृद्धि की गई है वो नियम विरुद्ध है। छात्र/छात्राओं की जो पुस्तके है वो एक ही दुकान से विक्रय की जा रही है। छात्र/छात्राओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाया जाकर उन पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है।

प्रार्थना के बाद राष्ट्रगान, मध्यप्रदेश गान एवं भारत माता की जय नही बुलवाई जाती है। जिसके सम्बंध में अभाविप कार्यकर्ताओं द्वारा आन्दोलन किया गया था, साथ ही अभाविप ने कई बार जिला कलेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी को इस विषय से अवगत कराया था। जिसके परिणाम स्वरूप कलेक्टर के निर्देशानुसार एक जाँच कमेटी गठित की गई थी। जाँच के दौरान अधिकारियों ने बताया कि अभाविप द्वारा लगाये गये सभी आरोपों की पुष्टी हुई है। जांच के दौरान सेंट ऐनिस स्कूल प्रबंधन दोषी पाया गया। जिसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा एससीएन लेटर जारी कर स्कूल प्रबंधन से जवाब मांगा गया था जिस पर भी स्कूल प्रबंधन द्वारा गलत जानकारी दी गई। इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सेंटऐनिस स्कूल को सात दिनों के अंदर छात्रों को अनुचित फीस वापस करने को कहा गया, तब भी शासन के नियमों को ताक पर रखकर आदेश का पालन नही किया गया। जिसके कारण लोक शिक्षण संचनालय भोपाल ने सेंटऐनिस स्कूल को 8 जनवरी के अंदर जवाब मांगा गया है। साथ ही यह भी कहा गया है कि समयावधि में निर्देशों का पालन नही किया गया तो सख्त कार्यवाही की जाएगी। विभाग संयोजक हर्षित मेवाड़ा ने बताया कि सेंटऐनिस स्कूल पर सभी आरोप सिद्ध हो चुके हैं, विद्यार्थीयों से अनुचित रूप से ली गई फीस जल्द से जल्द वापस की जाये। शीघ्र कार्यवाही नही होने पर अभाविप उग्र आन्दोलन के लिए बाध्य होगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन एवं स्कूल प्रबंधन की होगी।

## हड़ताल खत्म होते ही सड़कों पर दौड़ने लगे ट्रक और बसें




**आष्टा।** 2 दिन से देश भर में ड्राइवरों की हड़ताल के चलते बस और ट्रक सहित अन्य वाहन सड़कों पर दिखाई नहीं दे रहे थे। बीती रात्रि में हड़ताल खत्म हो गई थी इसके बाद आज सुबह से सड़कों पर ट्रक बस एक बार फिर से दौड़ने लगे हैं। दरअसल हिट एंड रन कानून के विरोध में ड्राइवर संगठन ने देश भर में हड़ताल कर दी थी 2 दिन की हड़ताल में ही लोग परेशान हो गए थे यहां तक की पेट्रोल पंपों पर लंबी कतार लग गई थी बस बंद होने से आम नागरिक भी परेशान हो गए थे। रात्रि में हड़ताल खत्म हो गई और उसके बाद बुधवार से सभी वाहन सड़कों पर दौड़ने लगे।बस स्टैंड से सभी बसें रवाना हुईआष्टा बस स्टैंड पर भी यहां से आने और जाने वाली सभी यात्री बस समय से रवाना हुई इधर इंदौर भोपाल मार्ग पर चलने वाली अधिकांश बसें शुरू हो गईं।

## शीतलहर से बचाने गौमाता के लिए जलाए जा रहे अलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

विगत कई दिनों से चल रही शीतलहर से गौमाताओं को बचाने के लिए नगर के प्रमुख स्थानों व चौराहों पर अलाव जलाए जा रहे है, जहां बड़ी संख्या में गौमाताएं खड़ी होकर गर्मी प्राप्त कर रही हैं। नगर परिषद द्वारा शीतलहर से बचाव के लिए नगर में स्थान स्थान पर जहां नागरिकों के लिए अलाव जलाए जा रहे हैं, वहीं गौमाताओं एवं मूक पशुओं को इस सर्द मौसम से बचाने के लिए चौक बाजार सहित नगर के प्रमुख स्थानों पर जहां गौमाताएं खड़ी रहती हैं रात्रि के समय अलाव जलाए जा रहे हैं। इन अलाव के आसपास बड़ी संख्या में गौमाताएं खड़ी होकर गर्मी प्राप्त कर रही हैं।



### गुरुवार को दिनभर बरसा मेघरा

शीतलहर के बीच बुधवार रात्रि से ही नगर सहित आसपास मेघरा बरसाना प्रारंभ हो गया जो गुरुवार को भी दिनभर बरसता रहा। मेघरा बरसने से जहां नगर की सड़कें गीली रही वहीं कुछ समय कोई भी खुले में रहने पर भीग रहा था। गौरतलब है कि औस की बूंदों को लगातार गिरने को मालवी भाषा में मेघरा कहा जाता है।

### फसलों को नुकसान की संभावना

लगातार बिगड़े मौसम, धूप नहीं निकलने व मेघरा बरसने के कारण रबी फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका किसानों द्वारा व्यक्त की जाने लगी है। किसानों के अनुसार जिन फसलों में भरपूर फूल आ रहे है उन फसलों के फूल गिरने लगे हैं। इसके साथ ही धनिया फसल में भी बाकड़िया रोग लगने लगा है। किसानों के अनुसार अब यदि मौसम जल्दी साफ नहीं होता है तो रबी फसलों को भारी नुकसान भी पहुंच सकता है।

### श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन लगाया छप्पन भोग

## 'अमृत पीने वाले देव और जहर पीने वाले महादेव'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

संसार में जो जलता है, राख उसी की होती है। हम जिस पर जलते हैं वहां तो आबाद होता रहता है। इसीलिए इंसान को जलनपन का भाव छोड़ किसी की निंदा करने के बजाय तारीफ करना चाहिए। क्योंकि निंदा जहर के समान है। अमृत पीने वाले देव के समान होते हैं, लेकिन जहर पीने वाले तो महादेव के समान होते हैं।

उक्त उद्गार भागवत सेवा समिति के तत्वाधान में नीमा ग्राउंड पर चल रही भागवत कथा के पांचवें दिवस पर भागवत प्रवक्ता पंडित चतुर्भुज चतुर्वेदी ने उपस्थित भक्त जनों के समक्ष व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भागवत कथा सुनने मात्र से ही मनुष्य के पापों का नाश हो जाता है। जो मनुष्य इसे अपने जीवन में उतार लेता है, वहां भवसागर से पार हो जाता है। पंडित चतुर्वेदी ने कहा कि भगवान जिसे मित्र बनाते हैं उसे त्रिलोकी की सम्पदा प्रदान करते हैं। कोई बिरला ही भगवान का भक्त, प्रभु का मित्र हो सकता है। सुदामा ने प्रभु को मित्रता की डोर से बांध रखा था। हमारे मित्र भी ऐसे होना चाहिए जो हमें प्रभु की ओर प्रेरित करें। हमारा परिवार भी ऐसा होना चाहिए जो धर्म की राह पर चलने को प्रेरित करे। प्रभु की सेवा किसी फल की आशा से नहीं करना चाहिए। कथा में बाबा गिरिराज पर्वत की रचना की जाकर उसकी पूजा अर्चना भक्तों द्वारा की गई। साथ ही छप्पन भोग लगाकर प्रसादी का वितरण भक्तों में किया गया। कथा के दौरान नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से भी भक्तों ने भाग लेकर कथा का रसपान किया। गुरुवार को कथा के दौरान माता रुक्मणी का मंगल विवाह का कार्यक्रम धूमधाम एवं हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया।





**खबर संक्षेप**

## निगम की टीम ने मटन चिकन की दुकानों पर की चालानी कार्रवाई




**देवास।** शासन निर्देशानुसार खुले मे मीट, मटन, मछली, चिकन आदि का खुले मे तथा अवैध रूप से व्यवसाय करने पर पाबंदी होने पर नगर निगम की टीम द्वारा निरंतर खुले मे मीट, मटन, चिकन, मछली का खुले मे व्यवसाय करने पर कार्यवाही करते हुए दुकाने बंद करवाई तथा पंचनामा भी बनाया गया। साथ ही शासन निर्देश का पालन करते हुए व्यवसायियों को खुले मे मीट, मटन, मछली, चिकन का विक्रय नही करने की सख्त हिदायत दी गई तथा शासन निर्देशो का पालन नही करने पर चालानी कार्यवाही कर दुकाने सील करने की कार्यवाही भी की जावेगी।

## एमपीपीएससी में चयनित दीक्षा ने ली क्लास

**देवास।** द हिमालय एकेडमी विश्राम बाग, राधागंज में एमपीपीएससी में चयनित दीक्षा भगोरे द्वारा विद्यार्थियों को कॅरियर मार्गदर्शन दिया गया। दीक्षा ने बताया कि कैसे विद्यार्थी अपने आत्मविश्वास एवं लगन से अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। दीक्षा का कॅरियर भी काफी चुनौतिपूर्ण रहा है, इसके बावजूद उनका ध्यान सिर्फ पढ़ाई पर ही था। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थी स्वयं को प्रोत्साहित करके आगे बढ़ सकता है। विद्यार्थी अगर अपने विषय से जुड़ा रहता है तो उसे आगे चलकर कोई दिक्कत नहीं आती है। अपनी लगन एवं तपस्या के कारण एक छोटी जगह क्षिप्रा से सन् 2023 में ( 2019 बेच ) उनका एमपीपीएससी में 13वीं रैंक पर चयन हुआ। यह पूरे क्षिप्रा शहर एवं मध्यप्रदेश के लिए बड़े गर्व की बात है। दीक्षा भगोरे का एमपीपीएससी में चयन होने पर आज द हिमालय एकेडमी प्रबंधन द्वारा स्वागत,अभिनन्दन किया गया।


### हनुमान अष्टमी पर खेड़ापति मंदिर सरकार निकले नगर भ्रमण पर


# खेड़ापति हनुमान ने भगवान शिव का किया अभिषेक, धूमधाम से निकली प्रभात फेरी

**भजनों पर झूमते दिखाई दिए हनुमान भक्त, अखाड़ों ने दिखाए करतब, लगाया गया हजारों लड्डुओं का भोग।**









हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अति प्राचीन या कहे रियासत कालीन एमजी रोड स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर में हनुमान अष्टमी पर्व उत्सव से मनाया गया। मंदिर रामायण समिति द्वारा पिछले 3 वर्षों से हनुमान अष्टमी पर प्रातः 5:00 बजे प्रभात रैली निकाली जाती है जो इस वर्ष भी निकाली गई। जिसमें रथ पर सवार खेड़ापति सरकार हनुमान बाबा नगर भ्रमण कर भक्तों का हाल-चाल जानने निकले।

इस प्रभात फेरी में अखाड़े, बैंड बाजे, ढोल-ताशे व भजन मंडलियों के साथ ही हनुमान भक्त भक्ति में झूमते दिखाई दिए। निकाली गई प्रभात रैली में हनुमान जी के रूप मे हाथों में सोटा लेकर कलाकार थिरकते हुए आनंद में दिखे। नगर भ्रमण पर निकले खेड़ापति सरकार के दर्शन व पूजा अर्चना करने के लिए हर कोई आतुर था। बाबा के भक्तो द्वारा सड़कों पर रंगोली व आतिशबाजी कर बाबा खेड़ापति का भव्य स्वागत जगह जगह किया गया।

साथ ही निकाली गई इस प्रभात रैली में हनुमान जी के भक्तों के लिए विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा प्रसादी के रूप में भंडारों का भी आयोजन किया गया। खेडापति मंदिर पुजारी के मुख्य पुजारी ने बताया कि पिछले 3 वर्षों से खेड़ापति सरकार नगर भ्रमण पर निकलते हैं और इस वर्ष भी अपने भक्तो का हाल जानने निकले। इसके साथ ही मंदिर में भगवान भोलेनाथ के 11 वे अवतार खेड़ापति सरकार अपने आराध्य भगवान शिव का अभिषेक करते नजर आए। कहा जाता है कि इस मंदिर में जो भी भक्त बाबा के पास अपनी अर्जी लेकर पहुँचता है हुनमान जी महाराज उनकी मनोकामना पूरी करते है जिसके चलते मंदिर में शनिवार, मंगलवार के अलावा प्रतिदिन हजारों भक्तों की भीड़ नजर आती है।हनुमान अष्टमी के उपलक्ष्य में गुरुवार अलसुबह खेड़ापति मंदिर से भगवान हनुमान प्रभात फेरी में खेड़ापति सरकार के अंश के रूप में नगर भ्रमण पर निकले। सबसे पहले हनुमान जी की आरती हुई। इस दौरान मंदिर के सामने जमकर आतिशबाजी की गई।

उसके बाद हनुमान जी ट्राले में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले।प्रभात फेरी में बैंडबाजों पर युवा जमकर थिरकते रहे। नगर भ्रमण के दौरान भजन कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी गई जिसमें प्रभात फेरी में हजारों की संख्या में शामिल महिलाएं भी जमकर झूमती रही।प्रभात फेरी सुबह खेड़ापति मंदिर से शुरू होकर नॉवेल्टी चौराहा से होते हुए अलंकार मार्केट, तीन बत्ती चौराहा, पुराना बस स्टैंड मनकामेश्वर मंदिर, जवाहर चौक, नया पूरा,जनता बैंक चौराहा, गांजा भांग चौराहा, सुभाष चौक, नॉवेल्टी चौराहा, औदुंबर ब्राह्मण धर्मशाला, एकता क्लब चौराहा, मीरा बावड़ी से तहसील चौराहा होकर फिर खेड़ापति मंदिर पहुंचेगी जहां समापन हुआ।

# तीन माह से फरार 5 हजार इनामी शहर काजी गिरफ्तार

**कोर्ट ने एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

5 हजार के इनामी फरार काजी को औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने गुरुवार को रसूलपुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया। सिल्वर पार्क क्षेत्र में हुए करीब 3 माह पुराने विवाद के बाद से शहर काजी अबुल कलाम फरार था। पुलिस ने बताया कि फरार काजी इंदौर से भोपाल भागने की फिराक में था। मुखबिर की सूचना पर उसे औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने वाहन नंबर के आधार पर उसे रसूलपुर चौराहे से गिरफ्तार किया। गुरुवार शाम 4 बज उसे न्यायालय में पेश किया गया। कोर्ट ने उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। शहर काजी की गिरफ्तारी के बाद से थाना औद्योगिक क्षेत्र थाने पर सुरक्षा बढ़ाई गई और थाने के मुख्य गेट के आसपास बेरिकेड्स लगाए गए हैं।

विगत दिवस सिल्वर पार्क में हुई छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुछ आरोपियों को गिरफ्तार किया था। उसके बाद मामले में हिंदूवादी संगठन से जुड़े सैंकड़ों लोग एकत्रित होकर थाने पहुंचे थे और शहर काजी पर केस दर्ज कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया था। हिंदू संगठन के विरोध व पिस्टल के साथ वीडियो सामने आने के बाद शहर काजी के खिलाफ धारा-307 व आम्र्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। विशेष लोक अभियोजक अतुल कुमार पंड्या ने बताया कि आरोपी अबुल काजी को धारा 307, 294, 336 के अपराध में एसएसटी एक्ट के तहत न्यायालय में पेश किया गया था। जहां न्यायालय से एक दिन का पुलिस रिमांड मांगा गया।

न्यायालय ने निवेदन स्वीकार कर एक दिन का पुलिस रिमांड शाम 5 बजे तक का दिया है। रिमांड जब्ती के लिए मांगा है, आरोपी से संबंधित शस्त्र व लायसेंस व कारतूस जब्त करना है। इस प्रकरण में अबुल काजी के द्वारा पुलिस थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि जिसमें यह बताया गया था कि उसकी पत्नी के साथ छेड़छाड़ की गई थी। इसके साथ ही आवेदक बालक ने भी उसके साथ हुई घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें उसने बताया था कि अबुल काजी ने अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से उसके ऊपर फायर किया था।

जिस पर फायर मिस हो गया उसकी जान भी जा सकती थी। इसका अपराध औद्योगिक थाने पर दर्ज किया गया था। नगर पुलिस अधीक्षक दिशेष अग्रवाल ने बताया कि औद्योगिक थाने का मामला है धारा 307, 294, 336 के साथ एससी एसटी एक्ट का मामला था। आरोपी घटना दिनांक से फरार था। आरोपी की गिरफ्तारी 4 जनवरी को सुबह 9 बजे की गई। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया था। आरोपी की सूचना मिली थी कि वह इंदौर से भोपाल की और जा रहा है आरोपी के वाहन नंबर मुखबिर ने बताए उसके आधार पर उसे धर दबोचा गया।

# विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन दिव्यांग बच्चों को उपकरण किए वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली




सरकार द्वारा समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत समावेशित शिक्षा अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों को आवश्यकता अनुसार उपकरण वितरित किया जा रहे हैं। इसी के चलते गुरुवार के दिन जन शिक्षा केंद्र बागली में विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित कर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव ,उपाध्यक्ष आरती विपिन शिवहरे ,डीपीसी प्रदीप जैन, प्रफुल्ल कुमार द्विवेदी, बीआरसी कयूम खान बनारसी, सांसद प्रतिनिधि प्रविण चौधरी कमल जायसवाल की उपस्थिति में दिव्यांग बच्चों को उपकरण वितरित किए गए।

इस दौरान सभी अतिथियों द्वारा इस योजना के बारे में बताया गया। बागली विकासखंड के सभी चिन्हित दिव्यांग बच्चे अपने परिजनों के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। जहां पर उन्हें आवश्यकता के अनुसार विभिन्न प्रकार के उपकरण वितरित किए गए।

इस दौरान कमल यादव, प्रवीण चौधरी द्वारा उपस्थित बच्चों को संबोधित करते हुए सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही डीपीसी प्रदीप जैन द्वारा इस योजना के बारे में बताते हुए कहा गया की किस प्रकार से दिव्यांग बच्चों को लाभ दिया जा सकता है। साथ ही बीआरसी कयूम खान बनारसी ने बताया कि यदि किसी को भी दिव्यांग बच्चो की जानकारी मिलती तो वह बीआरसी कार्यालय में जानकारी दें, जिससे कि उसे शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके।इस कार्यक्रम के माध्यम से चिन्हित 59 बच्चों को आवश्यकता अनुसार उपकरण वितरित किए गए। अतिथियों द्वारा सभी दिव्यांग बच्चों का पुष्प माला से स्वागत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

दिव्यांग बच्चो को 15 बैसाखी, ट्राईसाईकिल 3, व्हील चेयर 9,सीपी व्हील चेयर 1,रोलेटर 10, बैसाखी 7,केलीपर 14 कुल 59 उपकरण वितरित किए गए। इस दौरान अमित धूलिया, अशोक पटेल,एपीसी रेनू गुप्ता,नंदकिशोर वर्मा, मुकेश निगम, सतेन्द्र पाल मलिक, सुभाष मालवीय, महेश चौहान, अलकेश पाटीदार, मालती मंडलोई विकास बडोला,इन्दर गोठी,नेहा श्रीवास्तव, बहादुर बदुरिया ,नंदकिशोर वर्मा, लक्की भाटिया आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका कीर्ति पंचोली ने किया। आभार प्रफ़ुल्ल द्विवेदी ने माना।

# पीएम श्री स्कूल के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा




समग्र शिक्षा सेकेण्डरी एजुकेशन लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों को विज्ञान तथा प्रोद्योगिक की समझ विकसित करने तथा बौद्धिक क्षमता को विकसित करने के लिए पीएम श्री स्कूल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कमलापुर के छात्र छात्राओं को जिला शिक्षा अधिकारी हीरालाल खुशाल, एडीपीसी ओमप्रकाश दुबे के सहयोग व प्रभारी प्राचार्य अनंत नागर के नेतृत्व में गत दिवस एक्सपोज़र विजिट कराया गया।151 छात्र छात्राओं ने विद्यालयीन स्टॉफ के साथ इंदौर स्थित कमला नेहरू प्राणी उद्यान, केंद्रीय संग्रहालय एवं लालबाग पैलेस का भ्रमण किया ।कमला नेहरू प्राणी उद्यान में छात्रों ने विभिन्न प्रजातियों के जीव जंतुओं का अवलोकन कर उन प्रजातियों के जीवन के बारे में वैज्ञानिक जानकारियां प्राप्त की।

यहां पर टाइगर, शेर, तेंदुआ, विभिन्न प्रजातियों के सर्प, हिरण, विभिन्न पक्षी और कई प्रकार के जलीय जीव जंतु बच्चों के आकर्षण का केंद्र रहे।केंद्रीय संग्रहालय में बच्चों ने पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक वस्तुओ को देखा। जिसमें बच्चों ने प्राचीन भारतीय राजनीतिक व्यवस्था, मूर्तियों, अस्त्र-शस्त्र, प्राचीन मुद्राओं, जीवन शैली, कला एवं संस्कृति के बारे में रुचि के साथ अवलोकन कर जानकारी प्राप्त की। लालबाग पैलेस में छात्रों ने होलकर राजवंश की ऐतिहासिक विरासत के बारे में देखा व जाना। विषय शिक्षकों ने उक्त स्थानो पर संबंधित विषय वस्तुओं पर प्रकाश डाला और बच्चों को तथ्यपरक जानकारियां प्रदान की। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक मनोहर सिंह राजावत,महेश बिंजवा,सीताराम मालवीय, नसरीन खान, मुकेश मुजाल्दे, कैलाश कारपेंटर, रामचंद्र जाट, शोभा दुबे, रेखा जैन, पुष्पा ठाकुर, राम प्रसाद बागड़िया, दीपक बागेला, पंकज पाटीदार, धर्मेंद्र बागवान, अरविन्द वैष्णव, नरेश राठौर, दिनेश विश्वकर्मा, महेंद्र सिसोदिया, राजेश परमार, फोजिया खान, ज्योति जाट, समीर मंसूरी, खुशी राव, कन्हैया लाल शर्मा, प्रहलाद दास बैरागी बाबूलाल चौहान एवं रीना मंडलोई आदि उपस्थित थे। विद्यार्थियों ने उक्त शैक्षणिक यात्रा का आनंद लिया एवं विषयगत, तथ्यपरक ज्ञान प्राप्त किया।

### कलेक्टर गुप्ता ने सोनकच्छ, कन्नौद विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रों का किया भ्रमण

# भ्रमण के दौरान कलेक्टर ग्रामीणों से हुए रूबरू, सुनी समस्याएं





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बुधवार सोनकच्छ एवं कन्नौद विकासखंड के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान कलेक्टर गुप्ता ने ग्रामीणों से रूबरू होकर चर्चा की तथा उनकी समस्याओं को सुना तथा समस्याओं के निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए।

इस दौरान सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापित सहित विकासखंड स्तरीय अधिकारीगण मौजूद थे। गुप्ता ने सोनकच्छ विकासखंड के ग्राम गंधर्वपुरी का निरीक्षण किया तथा ग्रामीणों से चर्चा की। उन्होंने ग्रामीणों से चर्चाकर उनकी समस्याओं का सुना तथा अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए।इसके बाद कलेक्टर गुप्ता ने कन्नौद विकासखंड के ग्राम बड़ौदामाफी पहुंचे, यहां ग्रामीणों से चर्चा की।

इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल में अध्यापक समय पर नहीं आते हैं। इस पर कलेक्टर गुप्ता ने निर्देश दिए कि सभी अध्यापक स्कूल में समय पर आए। यदि अध्यापक समय पर नहीं आएंगे और अगली बार शिकायत मिली तो उन पर कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर गुप्ता ने मध्याहंन भोजन एवं नाश्ते के संबंध में जानकारी प्राप्त की और उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने पर संबंधितों पर कार्रवाई की जाएगी।कलेक्टर गुप्ता को बताया गया कि सतवास अस्पताल में सीएचओ सतवास एवं डॉक्टर समय पर नहीं मिलते हैं। इस पर गुप्ता ने सीएमएचओ को निर्देश दिए कि वे स्वयं जाकर अस्पताल का निरीक्षण करें तथा यदि अस्पताल में नहीं मिले तो उन पर कार्रवाई करें। यह भी देखें कि ओपीडी समय पर चल रही है या नहीं इसकी भी जानकारी लें। बताया गया कि यहां जो भी डिलेवरी के लिए लाया जाता है, अधिकतर उन्हें रैफर कर दिया जाता है। इस पर कलेक्टर गुप्ता ने दल गठित कर पिछले 6 महीने में जो भी डिलेवरी के लिए आई पैशेंट को रैफर किया है, उनकी एएनसी चार्ट की स्टडी करें और ऐसे सभी रैफर वाले केस चेक करें कि केसेस रैफर होने लायक थे भी या नहीं। साथ ही दल मेडिकल दवाई का स्टॉक भी चेक करें।कलेक्टर गुप्ता ने राशन वितरण दुकान के संबंध में जानकारी ली। इस पर बताया गया कि ईकेवायसी और मोबाइल सीडिंग नहीं हो रही है। इस पर उन्होंने निर्देश दिए कि डीएसओ स्वयं आकर देंखे की और उसकी प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस दौरान कलेक्टर सड़क, नलजल योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों से ली तथा उनका निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

# साहसिक शिविर का देवास के चौधरी ने किया प्रतिनिधित्व



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भारतीय खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय (भारत सरकार) द्वारा राष्ट्रीय साहसिक शिविर का आयोजन 19 से 28 दिसम्बर तक हिमाचल प्रदेश के नारकंडा में आयोजित किया गया। शिविर में हिस्सा लेने के लिए मध्यप्रदेश से राष्ट्रीय सेवा योजना के कुल 10 स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। मप्र से गए स्वयंसेवकों का प्रतिनिधित्व सिविल लाइन देवास निवास राज हरीश चौधरी ने किया। अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनरिंग एंड स्पोर्ट्स अलाइड में हिमाचल प्रदेश हाई एल्टीट्यूड ट्रैकिंग में सम्पन्न हुए दस दिवसीय साहसिक शिविर में अनेक प्रकार के साहसिक गतिविधि का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिनमें रॉक क्लाइंबिंग, टिरोलीन ट्रेवर्स, झुमारिंग रैपलिंग, रेस्क्यू, फॉरेस्ट रेस्क्यू, माउंटेनिंग रेस्क्यू, नाइट नेविगेशन ट्रैक, विदाउट एनी फैसिलिटी आदि साहसिक प्रशिक्षण शामिल है। मप्र से गए स्वयंसेवकों ने उपरोक्त गतिविधियों में हिस्सा लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। साहसिक शिविर के समस्त स्वयंसेवकों का सम्मान बेच एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया गया। शिविर में हिस्सा लेकर भोपाल पहुंचे स्वयंसेवकों का एनएसएस मप्र के रीजनल डायरेक्टर डॉ. अशोक कुमार श्रोती एवं युवा अधिकारी राजकुमार वर्मा ने पुष्पमाला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया।

## हायर सेकंडरी स्कूल का किया निरीक्षण

आष्टा। विकासखंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह राजपूत द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आस्था का आकस्मिक निरीक्षण किया गया समस्त शिक्षक उपस्थित थे। अजब सिंह राजपूत द्वारा कक्षा दसवीं में छात्राओं को वार्षिक परीक्षा में अधिकतम अंक प्राप्त करने के लिए सुझाव दिए गए छात्राओं ने उन सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना और समझा निदानात्मक कक्षाओं में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं संकुल प्राचार्य अमर सिंह परमार द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला भूपोड, बड़ोदिया गाडरी, लसूडिया विजय सिंह का ऑनलाइन निरीक्षण किया गया। जिसमें छात्रों की संख्या कम होने पर उपस्थिति बढ़ाने के लिए शिक्षकों को निर्देशित किया गया।

# वाहन चालक यातायात नियम की उड़ा रहे धज्जियां लापरवाही के चलते जिंदगी से कर रहे खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

इन दोनों यातायात नियमों की लोडिंग वाहन वाले अधिक धज्जियां उड़ा रहे हैं।अपने वाहन में सामान भरने के स्थान पर सवारियां ढो रहे है और वह भी पिकअप जैसे वाहन में 50 से अधिक सवारियां लटकाकर वाहन धड़ल्ले से दौड़ा रहे हैं ।यात्रियों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ करने में कोई कसर नहीं वरत रहे हैं और ना ही यातायात पुलिस इन वाहनों पर नजर डाल रही है ।किसी भी दिन बड़ा हादसा घटित होगा तो लोग पुलिस प्रशासन को



कोसते हुए नजर आएंगे। बीते दिनों नगर के कन्नौद रोड पर एक पिकअप वाहन पर जब नजर गई तो उस मार्ग पर जा रहे हैं सभी लोग आश्चर्यचकित रह गए ।इस पिकअप वाहन के केबिन के ऊपर भी लोग बैठे हुए थे तथा पूरे वाहन में 50 से अधिक यात्री लटकते हुए अपनी जिंदगी से खिलवाड़ करते हुए नजर आ रहे थे। यह वाहन अनेक थानों के सामने से निकला, लेकिन किसी की भी नजर इस वाहन पर नहीं पड़ी ।इस प्रकार के वाहन वालों पर सख्ती के साथ पुलिस को कार्रवाई करना चाहिए, ताकि लोगों की जिंदगी से भविष्य में खिलवाड़ ना कर सकें।

# किसानों की समस्याओं पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भारतीय किसान संघ आष्टा की मासिक बैठक कृषि उपज मंडी के कृषक विश्राम गृह में आयोजित की गई। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्या के बारे में चर्चा की गई। जिसमें राजस्व बिजली सहकारिता आदि विभागों से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की गई। इस वर्ष गेहूं 2700 रुपए प्रति क्विंटल की दर से सरकार खरीदी की सुनिश्चितता करें बिजली विभाग में आ रही परेशानियों को खत्म किया जाए। निर्बाध और गुणवत्ता वाली बिजली मिले कनेक्शन, ट्रांसफार्मर समय पर उपलब्ध हो। विभिन्न प्रकार के कनेक्शन की शुल्क की सूची विभाग के सूचना पटल पर



चस्पा हो, समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए समय से पंजीयन हो पंजीयन में अनावश्यक जटिलता ना आए, आदि विषय पर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन दिया। बैठक में अध्यक्ष राकेश वर्मा, मंत्री दरियाव सिंह पांचाल, उपाध्यक्ष सचिन पटेल, जिला उपाध्यक्ष चंदर सिंह ठाकुर, चंदर सिंह बागैर सहित कृपाल सिंह मेवाडा, ज्ञान सिंह डाबरी, महेंद्र कुमेर सिंह मर्दा खेड़ी, सुरेंद्र सिंह, रमेश कोटरी, ज्ञान सिंह, गणेश डाबड़ी आदि किसान कार्यकर्ता व किसान पदाधिकारी मौजूद रहे।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

पाठकों के लिए

# पाठक पुरस्कार योजना-2023

## कूपन फार्मेट

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं |
| सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं |
| सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं |

**नोट : फार्मेट जमा करने की अंतिम तिथि - 5 जनवरी से 31 जनवरी 2024 तक अपने जिला कार्यालय - संवाददाता एवं हरिभूमि कार्यालय में जमा कर सकते है।**

**नियम एवं शर्तें :-** * हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं । * बम्पर ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। * इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 24 कूपन (16 सामान्य कूपन एवं 8 मास्टर कूपन ) प्रकाशित किये जाएंगे। * योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 24 कूपनों में से कुल 18 कूपन (12 सामान्य एवं 6 मास्टर कूपन ) चिपकाने होंगे। * फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन फार्मेट में मान्य नहीं होगे । * राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। * पाठक पुरस्कार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी । * हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। * किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। * चित्र में दर्शाए गये उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं । * हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते ।

**आवश्यक नोट : फार्मेट के साथ आधार कार्ड या पहचान पत्र की छायाप्रति लगाना अनिवार्य है।**

### कार्यालय प्रति

नाम : ........................................ पिता/पति का नाम : ................................ पता : ................................

मोबाईल : .................... एजेंसी का नाम : .................................................. दिनांक ................

### ग्राहक प्रति

नाम : ........................................ पिता/पति का नाम : ................................ पता : ................................

मोबाईल : .................... एजेंसी का नाम : .................................................. दिनांक ................

### टीएल बैठक में योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर सख्त रुख में नजर आए कलेक्टर

# योजनाओं के पात्रों को न काटना पड़े दफ्तरों के चक्कर: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़




संबल योजना में पात्र किसी व्यक्ति की मृत्यु होने की दषा में परिजनों को तत्काल अंत्येष्टी सहायता एवं अनुगृह सहायता की राषि उपलब्ध करवाई जाए। संबंधित अधिकारी ध्यान रखें कि इस राषि के लिए भटकना न पड़े। अंत्येष्टी सहायता एवं अनुगृह राषि के लिए जो षिकायतें सीएम हेल्पलाईन में लंबित हैं, उनका परीक्षण किया जाए एवं पात्र पाए जाने पर तत्काल सहायता राषि मंजूर की जाए।

उक्त निर्देष टीएल बैठक के दौरान कलेक्टर ने प्रदान किए हैं। बुधवार को आयोजित इस बैठक में पात्र हितग्राहियों को यथासमय कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए मैदानी अमले के प्रति कलेक्टर का रुख सख्त रहा। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि वृद्धावस्था पेंषन योजना का लाभ ले रहे हितग्राहियों का डोर-टू-डोर सत्यापन किया जाए। इस बात की निगरानी रखी जाए कि किसी मृत व्यक्ति के खाते में पेंषन की राषि अंतरित न हो। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं अटल पेंषन योजना में ज्यादा से ज्यादा हितग्राहियों का पंजीयन करवाया जाए। उन्होंने आरसीएमएस में दर्ज राजस्व प्रकरणों के तत्परता से निराकरण के निर्देष भी राजस्व अधिकारियों को प्रदान किए। उन्होंने कहा कि नामांतरण, बटवारे के प्रकरणों का भी शीघ्रता से निराकण किया जाए। पीएम किसान योजना अंतर्गत जिनके केवायसी नहीं हुए हैं, उनके केवायसी दर्ज करवाए जाएं। सायबर तहसील के माध्यम से जो प्रकरण प्राप्त हो रहे हैं, उनका निराकरण भी समय-सीमा में किया जाए।

### अधिकारी संवेदनशील होकर करें कार्य

बैठक के दौरान आकाषीय बिजली, पानी में डूबने, सर्पदंष से मृत्यु जैसे मामलों में आरबीसी 6-4 के तहत दी जाने वाली सहायता राषि के मामलों में भी अधिकारियों को पूरी तत्परता एवं संवेदनषीलता से कार्यवाही के निर्देष कलेक्टर ने प्रदान किए। उन्होंने कहा कि बेसहारा व्यक्तियों की मृत्यु के मामलों में रेडक्रॉस से आवष्यक सहायता राषि उपलब्ध कराई जाती है। ऐसे मामलों में भी अधिकारी संवेदनषील रहें एवं तुरंत सहायता राषि उपलब्ध कराएं। कलेक्टर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान राषन उपलब्ध कराने के लिए जोड़े गए परिवारों के नामों की रिपोर्ट भी संबंधित अधिकारियों से तलब की।

### नहरों के पाइप तोड़ने वालों पर नामजद कराएं एफआईआर

क्षेत्र के विभिन्न बांधो से खेतों तक पाईप लाईन बिछाने का कार्य इन दिनों जारी है। लेकिन, कुछ स्थानों पर ग्रामीणों व अन्य द्वारा सिंचाई के लिए डाले गए पाईपों को तोड़ने-फोड़ने के मामले भी सामने आए हैं। कलेक्टर ने ऐसा करने वालों पर नामजद एफआईआर कराने के निर्देष अधिकारियों को दिए।

# घने कोहरे के चलते टमाटर से भरा पिकअप वाहन पलटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़


नेवज के पुल के समीप हुआ हादसा

बीते दो दिनों से पूरा जिला कोहरे की आगोष में समाया हुआ है। रात्रि के समय हाईवे सहित अन्य मार्गों पर विजिबलिटी(दृष्यता) भी काफी कम होने से अक्सर हादसे हो रहे हैं। इसी कड़ी में एनएच-52 पर मंगलवार-बुधवार की रात्रि करीब 3 बजे टमाटर से भरा एक पिकअप वाहन पलटी मार गया। गनीमत से हादसे में जनहानि नहीं हुई है।

जानकारी के अनुसार ब्यावरा से जीरापुर मंडी में जा रहे पिकअप वाहन एमपी-07 जीबी-0543 के चालक ने नियंत्रण खो दिया। वाहन में टमाटर सहित अन्य सब्जियों के केरेट भरे हुए थे। दुर्घटना के बाद सब्जियों के केरेट हाईवे पर बिखर गए। हालांकि, हादसे में किसी को कोई चोंट नहीं आई है। बाद में पलटी मारे वाहन को सीधा करवाया गया।

## स्टार खिलाड़ी अभिषेक इक्का बना प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट




**कुरावर।** सेंट थोमस विंटर लीग भोपाल मे बास्केटबॉल अंडर14 प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला शुक्रवार को चैंपियंस स्कूल व हॉली एंजेलस किड्स अकादमी स्कूल के बीच शुरू हुआ, जिसमें चैंपियंस स्कूल 30-42 से विजेता रही, हॉली एंजेलस किड्स अकादमी स्कूल की टीम उपविजेता रही। हॉली एंजेलस भलेही विजेता ना रही लेकिन इनका टूर्नामनेट का सफर उत्कृष्ट रहा , प्रथम मैच मे बाल-भवन भोपाल टीम को 35-10 के अंतर से हराया और दूसरे मैच मे सेंट जेवियर स्कूल को 46-20 के विशाल अंतर से हरा दिया । और फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मे चैंपियंस के खिलाफ उपविजेता के रूप मे अपना टूर्नामनेट सफर खत्म किया ,विजेता व उपविजेता टीम को मुख्य अतिथियों व स्कूल की ओर से सम्मानित किया गया। खेल में सबने अपना कौशल दिखाया लेकिन टूर्नामनेट के सर्वश्रेष्ट खिलाडीयो मे हॉली एंजेलस किड्स अकादमी स्कूल का स्टार खिलाडी अभिषेक इक्का 4 गेम्स मे 72 पॉइंट्स के साथ बना प्लेयर ऑफ द टूर्नामिंट और उनके टीम के खिलाडी जेन्स , रणवीर , अक्षत, अंकुर, राजेंद्र, राजपाल, निखिल, मृधूल, समीर, कैफ, पृथ्वीराज, यश, अभय, ने भी अपनी प्रबीणता को खेल के दौरान उत्कृष्ट तरीके से दिखाया।

## सावित्रीबाई फुले समाज सुधारक व प्रथम महिला शिक्षिका थीं: पुष्पद



**सारंगपुर।** महात्मा ज्योतिबा फुले को 19 वीं सदी की महान समाज सुधारक माना जाता है। उन्होंने भारतीय समाज में फैली अनेक कुरूतियों को दूर करने के लिए सतत संघर्ष किया। छुआछूत, नारी-शिक्षा, विधवा, विवाह और किसानों के हित के लिए सावित्रीबाई फूले ने कई उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने महिला शिक्षा के अनेक कार्य किए। माता सावित्रीबाई फुले महान समाज सुधारक वी प्रथम महिला शिक्षिका थी यह बात कार्यक्रम संयोजक लखन पुष्पद ने कहीं कार्यक्रम को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी आश्रम प्रभारी भाग्यलक्ष्मी दीदी शासकीय विवेकानंद महाविद्यालय प्राचार्य डा ममता खाइया प्रीती दीदी शिक्षिका शकुंतला देवी पुष्पद फूलमाली महापंचायत प्रदेश महामंत्री ओम पुष्पद ने अपने विचार रखते कहा कि माता सावित्रीबाई फुले ने महिलाओं को शिक्षित करने का बीड़ा उठाया उन्होंने आगे कहा कि शिक्षित समाज ही उन्नति करता है शिक्षा से ही अज्ञान रूपी अंधकार दूर किया जा सकता है। समाज जनों द्वारा महिलाओं का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया राज्य मंत्री प्रतिनिधि कमलेश टेटवाल का साफा बांधकर स्वागत किया वही प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व शील्ड भेटकर सम्मानित किया कार्यक्रम का संचालन ओम पुष्पद ने किया तथा आभार महात्मा फुले समता परिषद जिला अध्यक्ष मनोज पुष्पद ने माना। इस अवसर मुकेरवाडी पंचायत अध्यक्ष शिवनारायण पुष्पद काका, किडी पंचायत अध्यक्ष प्रेमनारायण पुष्पद खारिया पंचायत अध्यक्ष देवनारायण पुष्पद,समाज सचिव एवं पार्षद राकेश पुष्पद तलेनी पंचायत अध्यक्ष जगदीश पुष्पद तारागंज पंचायत अध्यक्ष कमल पुष्पद नवयुवक संघ अध्यक्ष अमित पुष्पद रामचरण पुष्पद, मोतीलाल माली, राधेश्याम बागवान राजु पुष्पद मांगीलाल पुष्पद,,बाबुलाल पुष्पद दिनेश पटेल,, गोकुल पुष्पद नंदा पुष्पद गोरव , मांगीलाल टेलर, रामनारायण पुष्पद गोरीलाल पुष्पद अंकित पुष्पद सुरेश पुष्पद सहित अन्य समाज जन उपस्थित थे।

## स्थानांतरण : कलेक्टर कन्याल सीईओ को पदभार सौंपकर हुए भारमुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाजापुर



कलेक्टर किशोर कन्याल का स्थानांतरण भोपाल होने के कारण गुरुवार को उन्होंने कलेक्टर का पदभार जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी संतोष कुमार टैगोर को सौंपा। इस दौरान कलेक्टर कन्याल ने कार्यालयीन स्टॉफ से भी मुलाकात की और कहा कि सभी ने कड़ी मेहनत कर योजनाओं एवं कार्यों का बेहतर प्रदर्शन किया है। इसके लिए सभी धन्यवाद के पात्र हैं। उन्होंने सभी से कहा कि वे सहयोग के लिए सभी के शुक्रगुजार रहेंगे। जिला पंचायत सीईओ टैगोर ने कहा कि सभी ने कलेक्टर कन्याल के नेतृत्व में टीम के रूप में काम किया है। आशा करते हैं कि कलेक्टर कन्याल के साथ पुनः काम करने का मौका मिलेगा।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर बीएस सोलंकी, संयुक्त कलेक्टर अखिल राठौर, डिप्टी कलेक्टर मनीषा वास्कले एवं महेन्द्र प्रताप सिंह किरार, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी जीएल गुवाटिया, डीपीसी राजेन्द्र शिप्रे, जिला आपूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, सिविल सर्जन डॉ. बीएस मैना, अधीक्षक भू-अभिलेख नरेश सोनी, कार्यालयीन स्टॉफ में अधीक्षक रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव, नाजिर जयंत बघेरवाल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## जिपं सीईओ ने दो अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा

**विदिशा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायतों में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों में अनुपस्थित रहने वाले दो अधिकारियों को जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट ने नोटिस जारी कर चार जनवरी तक जबाव मांगा है। ग्राम कोठीचार कलां में 31 दिसम्बर को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अनुविभागीय अधिकारी अमर दाहिया उपस्थित नहीं हुए। उनकी अनुपस्थिति के कारण क्षेत्र की नलजल संबंधी शिकायतों का निराकरण नहीं हो पाया। इसलिए उन्हे शोकॉज नोटिस जारी किया गया है। वहीं ग्राम पंचायत दैयरपुर में 31 दिसम्बर को आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में बिजली कंपनी के जूनियर इंजीनियर प्रफुल्ल गोरखेड़े नहीं पहुंचे।

## गौशाला में गौवंश को गुड़ तेल, दलिया खिलाया



**जीरापुर।** स्थानीय गौ सेवा समिति गौशाला में गौवंश को गुड़ तेल दलिया खिलाया गया।गौसेवा सदन के संस्थापक पंडित कमल किशोर जी नागर की प्रेरणा से विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी जनसहयोग से शीतकालीन सत्र में अभी रक्षा में सेवारत गोवंश को तेल ,गुड दलिया खिलाया गयज्ञं समिति अध्यक्ष श्री नाथ दास टांक की मुख्य उपस्थिति में समस्त सदस्यों ने गौशाला में मोजूद गौमाताओं को गुड़ तेल दलिया भुसा में मिलाकर खिलाया। शीतकाल में लगभग दो तीन बार गौवंश को शीत प्रकोप से बचने के लिए गुड़ तेल मिलाकर खिलाया जाता है ताकि उनके शरीर में गर्मी रहे।वेसे यहां पर प्रतिदिन गौमाताओं की नियमित सेवा कार्य जारी रहता है। इस अवसर पर समिति सदस्य सोहनलाल भावसार, बल्लभ व्यास , दिनेश रेडीमेड,रामेश्वर टांक, घनश्याम भिलाला ,दिनेश जमींदार, घनश्याम टांक,रामप्रसाद बैरिस्टर, मोहनलाल गुप्ता ,नवनीत जुलानिया, दिनेश गुप्ता, परमानंद गुप्ता,नीरज गागोरनी, सत्यनारायण गुप्ता,भगवान भावसार आदि मौजूद रहे।

### कैंट गौशाला में कांग्रेस प्रतिनिधि ने किया निरीक्षण

**गुना।** तमाम कोशिशों के बावजूद जिलेभर में गौवंश की दुर्दशा सुधर नहीं रही है। कैंट स्थित गौ शाला पर बुधवार को कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल अचानक जा पहुंचे। वहां पहुंचकर पार्षदों ने गौ माताओं को दिए जा रहे चारा भूसे का निरीक्षण किया। इस दौरान नपा में नेता प्रतिपक्ष शेखर वशिष्ठ ने बताया कि विगत सप्ताह सप्लाई आया भूसा गुणवत्ता पूर्ण नहीं है। वहां गेहूं और सोयाबीन के भूसा तो पहले के कोटे का मौजूद था जो चारा के उपयोग में लाया जा रहा है लेकिन फिलहाल जो बीते दिनों भूसा आया है।

## 7 को क्षत्रिय राजपूत विकास संगठन का प्रदेश स्तरीय सम्मान समारोह

### तैयारियों को लेकर बैठक का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

समीप 85 मिल हनुमान मंदिर पर राजपूत समाज की ब्लाक स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम समिति केंद्र समिति के सभी सदस्य उपस्थित हुए।

बैठक में आगामी 7 जनवरी को होने वाले सम्मान समारोह में सभी सामाजिक जन अधिक संख्या में पहुँचे जिसमे घर घर कार्ड वितरण प्रतिभावान सामाजिक जनो की सूची सहयोग राशि आदि पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष बद्रीलाल राजपूत ने अपने सम्बोधन में कहा है कि क्षत्रिय राजपुत विकास संगठन समाज के हर मूल उद्देश्य पर काम करेगा और सबसे पहले हमें समाज के हर वर्ग तक संगठन के उद्देश्य को पहुँचाना है संगठन का मूल उद्देश्य समाज मे शिक्षा, सामाजिक संस्कृति, समाज के युवाओं को रोजगार प्रदान करने जैसे कामो को प्राथमिकता से पूरा करना है साथ ही समय समय पर सब से मिलकर समाज के आवश्यक काम किये जावेगे आदि। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष बद्रीलाल राजपूत, हेमराज सिंह, जिला महामंत्री भगवान सिंह, इकलेरा तहसील अध्यक्ष चन्द्रसिंह ठाकरे, केंद्र अध्यक्ष अनिल राजपूत ग्राम अध्यक्ष भारतसिंह सूरजसिंह मुकेश, हीरासिंह, गिरिराज, नितेश सहित समाज जन मौजूद रहे।

## कार्यकर्ताओं ने दी जिलाध्यक्ष गुर्जर को जन्मदिन की बधाई



**ब्यावरा।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर के जन्मदिन के मौके पर जिले भर के भाजपा नेता पदाधिकारी जनप्रतिनिधियों ने अपने लाडले भाजपा जिला अध्यक्ष को उनके गांव लिंबोदा पहुंचकर जन्मदिवस की बधाई शुभकामनाएं दी फूल माला पहनकर उनका अभिनंदन किया। ज्ञान सिंह गुर्जर के नेतृत्व में राजगढ़ जिले में भारतीय जनता पार्टी के पांचो उम्मीदवारों ने विजय हासिल की गुर्जर की कर शैली और कुशल संगठन क्षमता को प्रदेश नेतृत्व में भी प्रोत्साहित किया।शीर्ष नेतृत्व को उन्होंने राजगढ़ जिले से विजय श्री के कमल भेट किए। कार्यकर्ताओं में एक अलग ही छवि गुर्जर की है कार्यकर्ताओं के बीच लिबरल छवि के रूप में जाने जाते हैं। जिले भर के भाजपा कार्यकर्ताओं के मान सम्मान के लिए हमेशा खड़े रहने वाले लोकप्रिय जिला अध्यक्ष का जन्मदिन भाजपा कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया। ब्यावरा से भाजपा के पूर्व जिला मीडिया प्रभारी राजू यादव युवा मोर्चा के जिला मंत्री चंदन जादौन मयूर गुप्ता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष गिर्राज लववंशी पिछडा मोर्चे के महामंत्री अशोक सेन बड़ी संख्या में ब्यावरा विधानसभा से भाजपा कार्यकर्ताओं ने और नेताओं ने उनके गृह गांव पहुंचकर उनको बधाई दी।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया आयोजन




**सुठालिया।** नगर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन बुधवार दिनांक 03 जनवरी 2024 को जीन ग्राउंड बस स्टैंड पर हुआ जिसमें शासन से सम्बंधित समस्त योजनाओं के हितग्राहि उपस्थित रहे एवं जनप्रतिनिधियों अधिकारी कर्मचारियों द्वारा संबल योजना के अंतर्गत 07 हितग्राहियों को संबल कार्ड वितरण किये गए पीएम स्वनिधि योजना अंतर्गत 10 हितग्राहियों को लाभ वितरण किया गया एवं विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त किये इस मौके पर सी एम ओ इकरार अहमद द्वारा निकाय द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन मुख्य लिपिक वीरेन्द्र चक्रवर्ती द्वारा किया गया कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि गिरिराज लोधी भाजपा वरिष्ठ नेता अशोक अग्रवाल मण्डल अध्यक्ष पदम सिंह लोधी रघुवीर सोंधिया माधवी सिंह परमार, पार्षद दुल्ला शाह, आकाश अग्रवाल, मोरसिंह कुशवाह, दिनेश वर्मा,शिवकुमार प्रजापति सहित अनेक नागरिक एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बीमारी से परेशान व्यक्ति ने की आत्महत्या

**विदिशा।** जतरापुरा में रहने वाले 45 वर्षीय शख्स ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या की। आत्महत्या करने वाले शख्स की पहचान मोहन विश्वकर्मा के रूप में की गई है। जिसके दो बच्चे और पत्नी हैं। पड़ोसियों ने आशंका जताई कि मोहन ने बीमारी से परेशान होकर यह आत्मघाती कदम उठाया है। आत्महत्या की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मर्ग कायम करके जांच में जुट गई है। पड़ोस में रहने वाले लोगों ने बताया कि मोहन को दो से तीन अटैक आ चुके थे, जिसका वह ऑपरेशन करा चुका था। उसकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी , जिसके कारण वह ठीक से इलाज नहीं करवा पा रहा था।

### जिस तरह हटाया था सामान सा सम्मान वापस पहुंचाया उसी जगह पर

# सड़क पर बैठे अतिक्रमणकारियों पर नपा ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

मंगलवार सुबह नगर पालिका अमले ने नगर पालिका के ठीक सामने बैठे अतिक्रमणकारियों का सामान उठाकर जप्त किया था, कई बार समझाने देने के बाद भी यह लोग अतिक्रमण कर अपना काम धंधा कर रहे थे, नगर पालिका की ओर से कई बार समझाइस दी गई लेकिन यह मानने को तैयार नहीं हुए, फिर मजबूरन नगर पालिका अमले को इनका सामान उठाकर जप्त करना पड़ा ।नगर पालिका राजस्व निरीक्षक पूर सिंह दांगी ने बताया कि नगर पालिका के सामने आए दिन झगड़ा और विवाद की स्थिति निर्मित होती थी जिसकी कई बार शिकायतें भी नगर पालिका में आई है कई बार आसपास के दुकानदारों ने इन लोगों की शिकायतें भी की थी जिसके तहत इन लोगों को कई बार समझाया भी गया लेकिन यह मानने को तैयार नहीं हुए हमें मजबूरन इनका सामान जप्त करना पड़ा।

**राजनीतिक रसुख के आगे नगर पालिका हुई नतमस्तक :** जिस अंदाज में और अधिकार से नगर पालिका अमले ने इन अतिक्रमणकारियों का सामान उठाकर जब्त किया था ठीक एक दिन बाद वापस राजनीतिक रसूल के चलते उन लोगों का सामान उसी जगह पर वापस स सम्मान पहुंचा दिया गया, और तो और जिन अधिकारियों ने व कर्मचारियों ने सामान को उठाकर ट्राली में पटका था उन्ही कर्मचारियों ने वापस समान उतार कर रखा है। यह पूरा घटनाक्रम नेहरू पार्क के सामने नगर पालिका ऑफिस के ठीक सामने सड़क पर अपना धंधा करने वाले अतिक्रमणकारियों का है। जिन्होंने सीना ठोक कर नगर पालिका की नाक के नीचे एक तो अतिक्रमण किया हुआ है ऊपर से राजनीतिक रसूख के चलते नगर पालिका के सामने से नहीं हटने की जिद भी की है।

### अब आगे क्या होती है कार्रवाई

अब देखना यह है कि नगर पालिका आमला इन पर क्या कार्रवाई आगामी दिनों में करता है या फिर इसी तरह नगर के हालात अतिक्रमण की चपेट में आने से बद से बत्तर होते हैं।



### शिकायत के ऊपर की थी कार्रवाई

*नगर पालिका में आए दिन इन लोगों की शिकायतें पहुंचने से नगर पालिका अमला काफी दिनों से परेशान था इस कारण नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा मंगलवार को लोगों का सामान उठाकर जप्त किया था। चारों ओर ठेले और इसी तरह अपनी मनमानी कर बीच सड़क पर बैठकर आवा गमन अवरुद्ध करने वाले इन अतिक्रमणकारियों के हौसले इस कदर बुलंद है कि यह किसी की सुनने को तैयार नही है, अब तो इनको राजनीतिक संरक्षण भी प्राप्त हो चुका है जिसका फायदा उठाकर यह लोग दबंगाई से बीच रास्तों पर सड़क अवरुद्ध कर अपना धंधा कर रहे हैं। सिस्टम जाए भाड़ में आम जनता को परेशानी होती है तो हो हमें हमारे धंधों से मतलब नगर पालिका अमले ने जब इनका सामान उठाकर जप्त किया तो अगले ही दिन नगर पालिका को वापस इनका सामान यथा स्थान पहुंचाना पड़ा क्यों की इन सभी को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है।*

### गुना की मल्लविका भगत को डॉक्टरेट की उपाधि

**गुना।** कैरियर पॉइंट विश्वविद्यालय, कोटा ने मल्लविका भगत को उनके शोध कार्य ₹इम्पैक्ट ऑफ सीजनल वेरियशन एंड वॉटर क्वालिटी आन बायोडाइवरसीटी ऑफ इक्थायोफोना ऑफ गोपी कृष्ण सागर डैम, गुना₹ पर डाकट्रेट की उपाधि प्रदान की है। डाक्टर मल्लविका भगत ने यह शोध कार्य कोटा की प्रसिद्ध पर्यावरणविद व प्राणीशास्त्र विख्यात डॉ. मंजू शर्मा के मार्गदर्शन में किया। यह शोध कार्य गोपी कृष्ण सागर डैम व चोपन नदी में विभिन्न मौसम में पाए जाने वाली मछलियों की प्रजातियों तथा उन पर डैम के जल के प्रभाव पर किया गया है। मछलीयों की संख्या पर जल की गुणवक्ता के प्रभाव बताये। डैम के जल प्रबंधन के लिए उनके द्वारा महत्वपूर्ण सुझाव दिये गए हैं ताकि डैम व चोपन नदी में पाये जाने वाली मछलियों की प्रजातियों की सुरक्षा की जा सके। उन्होने बताया गोपी कृष्ण सागर डैम पर 44 प्रकार की मछलियाँ पाई गई। सर्दी के मौसम में इनकी संख्या ज्यादा हो जाती है।